लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 147, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आओ सहेजें अपनी विरासत को व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 36.0° अधिकतम तापमान 24.0° न्यूनतम तापमान धूप खिली रहेगी, हल्के बादल रहेंगे। सूर्योदय 05 : 46 सूर्यास्त 18 : 32

बरेली, रविवार, 14 अप्रैल 2024

परिणीति चोपड़ा ने फिल्म के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया...15

इजराइली जहाज पर ईरान का कब्जा

दुबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल में तनाव बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान दो दिन के अंदर इजराइल पर हमला कर सकता है। इस बीच ओमान की खाड़ी से होर्मुज होते हुए भारत आ रहे कार्गो शिप पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। जहाज पर 17 भारतीय भी मौजूद हैं।

कार्गो शिप लंदन बेस्ड कंपनी का है, जिसका मालिकाना हक इजराइली अरबपति के पास है। शिप पर 20 क्रू मेंबर सवार हैं, जो फिलीपींस के नागरिक हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियार हगारी ने कहा कि हम हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे। इसका जवाब दिया जाएगा। इधर, भारत समेत छह देशों- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और जर्मनी ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गई है। एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी।

जहाज पर 17 भारतीय सवार, तनाव बढ़ा

भारतीयों की मुक्ति को ईरान के संपर्क में भारत

नई दिल्ली। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ने तनाव को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा और मुक्ति के लिए तेहरान और नई दिल्ली, दोनों स्थानों पर ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। ईरान ने जहाज जब्त करने का कदम यह आशंका बढ़ने के बीच उठाया कि तेहरान 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले के जवाब में इजराइली क्षेत्र पर हमला कर सकता है।

कंगना रनौत के सामने विक्रमादित्य को उतारा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। चंडीगढ़ सीट के अलावा, गुजरात की चार, हिमाचल की दो और ओडिशा की नौ सीट के लिए एलान किया गया है। साथ ही पार्टी ने गुजरात की पांच विस सीटों पर उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। यहां पिछली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल को टिकट दिया गया था। हालांकि, उन्हें भाजपा उम्मीदवार किरण खेर के हाथों 49 हजार से ज्यादा वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। हिमाचल के मंत्री विक्रमादित्य सिंह को राज्य के मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ अपना प्रत्याशी बनाया है। विक्रमादित्य हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे हैं।

कांग्रेस की नई सूची



कक्षा पांच की छात्रा को अगवाकर किया सामूहिक दुष्कर्म, दो पर एफआईआर

रुदौली, अयोध्या

- लखनऊ में दो दिनों तक बनाकर रखा बंधक, आरोपियों को तलाश रही पुलिस

अमृत विचार : कक्षा पांच की छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने की वारदात सामने आई है। पीड़िता को दो दिन तक लखनऊ में बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म किया गया। आरोपियों के चंगुल से छूटी पीड़िता घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस पीड़िता की शिकायत पर एक नामजद समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है। घटना आठ अप्रैल की बताई जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र की 13 वर्षीय किशोरी गांव के निजी स्कूल में पांचवीं में पढ़ती है। पुलिस को दी तहरीर के अनुसार, गांव का युवक स्कूल आते-जाते वक्त रास्ते में रोककर आए दिन उससे छेड़छाड़ करता था। आठ अप्रैल की सुबह वह घर निकली थी। पहले से घात लगाए आरोपी ने चाकू के बल पर उसका अपहरण कर लिया। गांव के बाहर गन्ने के खेत में दुष्कर्म करने के बाद आरोपी उसको लखनऊ ले गया। वहां पर दो दिनों तक एक घर में बंधक बनाकर अपने दोस्त के साथ मिलकर दुष्कर्म करता रहा। आरोपियों ने पीड़ित किशोरी को शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी दी। गत दिवस वह मौका पाकर वहां से भाग निकली और अपने घर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही अनुज कुमार व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। चिकित्सीय परीक्षण के लिए पीड़िता को अस्पताल भेजा जाएगा।

बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की जगह जहन्नुम : योगी

बहेड़ी की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी में सब चंगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा की सरकारों में चारों तरफ दंगे होते थे, लेकिन प्रदेश में सात साल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। दंगा करने वालों को मालूम है कि दंगा करेंगे तो उल्टे लटका दिए जाएंगे। व्यापारियों और बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को पता है कि जेल जाने से पहले उनके लिए जहन्नुम का रास्ता तैयार है।

मुख्यमंत्री शनिवार को पीलीभीत में जितिन प्रसाद के समर्थन में बहेड़ी के रामलीला मैदान में जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नया भारत देश की सीमाओं को सुरक्षित करना जानता है। कहा कि पिछली सरकारें कर्फ्यू लगाती थीं लेकिन अब माफिया गले में तख्ती लटकाकर घूम रहे हैं और बोल रहे हैं कि बस जान बख्श दो। कहा कि कुछ लोग पहले ही अपने कर्मों की सजा पा चुके हैं। कुछ भयभीत होकर खुद जहन्नुम जा रहे हैं। कहा कि अब यह नहीं होगा कि दंगा भी कराएंगे और फिर किसी पार्टी से फतवा जारी कर अव्यवस्था पैदा करेंगे। वहीं उत्तराखंड में भी सीएम योगी विपक्ष पर हमलावर दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा समस्या नहीं समाधान पर विश्वास करती है। यह बात सीएम ने शनिवार को हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज में हुई विजय संकल्प रैली में कही।

बहेड़ी की जनसभा में गदा उठाए सीएम योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

मुरादाबाद दंगे की जांच दबाई, हमने किया खुलासा

बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, जो माफिया को पालते थे, वह सुरक्षा नहीं दे सकते। 1980 के मुरादाबाद दंगों में दर्जनों लोग मारे गए। इसकी जांच रिपोर्ट सालों तक दबाए रखा। मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए खुलासे में बड़े-बड़े लोग बेपर्दा हुए। मुख्यमंत्री मुरादाबाद की विधानसभा बढ़ापुर के गांव आलमपुर गांवड़ी में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने 2016 में सहारनपुर में हुए सिख विरोधी दंगे का जिक्र किया।

अब कोई भी खरीद सकता है जम्मू-कश्मीर में जमीन

उन्होंने कहा कि आज यूपी और किसान आगे बढ़ चुका है। जम्मू कश्मीर में अब किसी भी वर्ग, जाति का व्यक्ति जमीन खरीद सकता है। कांग्रेस ने इससे लोगों को वंचित कर रखा था। जमीन चाहे रामलला की हो या फिर किसी गरीब या व्यापारी की, उससे ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर कल होगी सुनवाई

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी के गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल को वैध करार देने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सुनवाई के लिए जारी मुकदमों की सूची में केजरीवाल की याचिका भी है। हाईकोर्ट ने धनशोधन के मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को वैध करार दिया था और कहा था कि बार-बार समन देने के बावजूद जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास थोड़ा विकल्प बचा था। हाईकोर्ट ने आप नेता की गिरफ्तारी और संघीय एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देने वाली याचिका रद कर दी है। हाईकोर्ट की ओर से मामले में ईडी की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद ही ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को अदालत ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और वह अब तिहाड़ जेल में हैं।

पटरी पर लेटा युवक आधा घंटा ट्रेन लेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : शराब के नशे में एक युवक ट्रेन की पटरी पर लेट गया, जिससे कासगंज से आने वाली ट्रेन शेखूपुर रेलवे स्टेशन पर आधा घंटा तक खड़ी रही। युवक को पटरी पर लेटा देखकर ट्रेन के लोको पायलट ने सूचना जीआरपी को दी। जीआरपी ने युवक को पटरी से खींचकर घटाया, जिसके बाद ट्रेन अपने गंत्वय की ओर रवाना हुई। जीआरपी उसको बदायूं रेलवे स्टेशन लेकर आई और पूछताछ के बाद छोड़ दिया।

पैसेंजर ट्रेन कासगंज से दोपहर 12: 27 बजे बदायूं रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है। शनिवार को ट्रेन अपने निर्धारित समय पर रेलवे स्टेशन नहीं पहुंची तो यात्रियों ने पूछताछ शुरू कर दी। यात्रियों को बताया गया कि शेखूपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी है। वह जल्द आने वाली है। करीब 1 बजे ट्रेन रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन से जीआरपी ने एक युवक को उतारा। युवक शेखूपुर के निकट रेलवे लाइन पर लेट गया था, जिसकी बजह से ट्रेन आधा घंटा वहीं पर खड़ी थी। युवक ने अपना नाम रामसिंह निवासी पलिया मेहंदी बताया। उसने कहा कि घर में सब लोग उसे परेशान करते हैं। उसके भाई ने उसे बहुत पीटा, जिससे वह गुस्से में था और ट्रेन से कटने के लिए पटरी पर लेट गया। युवक ने शराब पी रखी थी। जीआरपी ने उसके परिजनों को फोन करने इसकी जानकारी दी। घरवालों ने बताया कि वह हर रोज घर में झगड़ा करता है। कई बार घर से बिना बताए चला गया। वह शराब पीने का आदी है। इसलिए उसे आज भी डांटा गया था।

ट्रेन के आगे लेटने वाला युवक।

- जीआरपी ने पकड़ कर खींचा, पूछताछ के बाद छोड़ा

पुलिस हिरासत में ग्रामीण की मौत सड़क पर शव रख किया हंगामा

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार : पांच साल की बालिका की गला दबाकर हत्या करने के मामले में पूछताछ के लिए थाने लाए गए ग्रामीण की मौत हो गई। परिजनों ने शव सड़क पर रख जाम लगाया और पांच घंटे हंगामा किया। परिजनों ने पुलिस पर पिटाई और करंट लगाने का आरोप लगाया। चौकी इंचार्ज पिपरझला, हेड कांस्टेबल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुआ है।

गांव पकरिया जलालपुर के अनूप की पांच साल की पुत्री अंशू तीन अप्रैल को लापता हो गई थी। अगले दिन उसका शव झाड़ियों में मिला था। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। संदेह पर पुलिस शुक्रवार को गांव के आशाराम को पूछताछ के लिए थाने लाई और हिरासत में उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस सीएचसी ले गई, जहां से जिला अस्पताल भेजा गया। डॉक्टर ने आशाराम को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजन रात में जिला अस्पताल पहुंचे और शव ले आए। शनिवार सुबह मृतक के शरीर पर चोटों के निशान दिखा तो पुलिस पर पिटाई और करंट लगाने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कर निलंबित करने की मांग करते हुए शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। इस दौरान परिजनों की पुलिस से नोकझोंक हुई। सीडीओ अनिल सिंह व एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह के आश्वासन पर परिजन शांत हुए। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भी कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं पुलिस लूज मोशन की वजह से हालत खराब होने और मौत की बात कह रही थी।

- चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

> थाना मितौली में पूछताछ को लाए आशाराम की तबियत बिगड़ने पर सीएचसी ले गए जहां से जिला अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट दर्ज हुई है। विवेचना पर कार्रवाई होगी। – **गणेश प्रसाद साहा**, एसपी।

रामेश्वरम कैफे विस्फोट

दोनों आरोपी रिमांड पर गए बेंगलुरु

बेंगलुरु। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में एनआईए ने कोलकाता से गिरफ्तार दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर यहां लेकर आई है। दोनों को चिकित्सा जांच के बाद एनआईए की अदालत में पेश किया जाएगा। कोलकाता की अदालत ने विस्फोट मामले में दोनों आरोपियों को शुक्रवार को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा और एनआईए को उन्हें कर्नाटक की राजधानी ले जाने की अनुमति दी थी। एनआईए ने मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था।

बाबा तरसेम हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता हरियाणा से गिरफ्तार

संवाददाता, नानकमत्ता

- बिलासपुर (रामपुर) का हिस्ट्रीशीटर है सुल्तान सिंह, 25 हजार का था इनाम

अमृत विचार : डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह को एसटीएफ ने हरियाणा के जींद जिले से गिरफ्तार कर लिया। इस पर 25 हजार का इनाम था। वह बिलासपुर (रामपुर) का हिस्ट्रीशीटर था। उधर, बीते दिवस गौरी फंटा (लखीमपुर खीरी) से पकड़े गए षड्यंत्रकारी सतनाम सिंह का शनिवार को चालान कर दिया गया। दूसरा शूटर सर्वजीत सिंह अभी भी हत्थे नहीं चढ़ा है।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बाबा तरसेम हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह व बीते दिवस गिरफ्तार सतनाम सिंह की जानकारी दी। बाबा की हत्या के षडयंत्र में शामिल रहे सतनाम सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासी कुईया महोलिया बंडा (शाहजहांपुर) को एसटीएफ ने नेपाल बॉर्डर से सटे गौरी फंटा (लखीमपुर) से गिरफ्तार किया था। एसएसपी ने बताया कि सुल्तान ने सतनाम सिंह द्वारा दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, प्रगट सिंह, हरविंदर उर्फ पिंदी के साथ मिलकर बाबा तरसेम सिंह की हत्या का षडयंत्र रचा। इसे पूरा करने के लिए धार्मिक स्थल और दिलबाग सिंह के घर पर हत्या की योजना बनाई गई। बाबा की हत्या का मुख्य शूटर अमरजीत सिंह एनकाउंटर में मारा जा चुका है।

28 मार्च को हुई थी बाबा की हत्या

बाबा तरसेम सिंह की हत्या 28 मार्च की सुबह उस वक्त बाइक सवार दो शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह डेरा परिसर में बैठे हुए थे। पूरा हत्याकांड सीसीटीवी में कैद हो जाने से कुछ ही देर में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई थी। इस मामले में दो शूटर्स समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया।

रोड शो के दौरान पथराव, आंध्र प्रदेश के सीएम घायल

विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)। विजयवाड़ा में रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर शनिवार को अज्ञात लोगों ने पथराव किया। सीएम ललाट पर पत्थर लगने से घायल हो गए। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, मुख्यमंत्री सिंह नगर के विवेकानंद स्कूल सेंटर में भीड़ का अभिवादन कर रहे थे तब उन्हें पत्थर आ लगा, जिसके बाद लोगों ने रूमाल से उनका ललाट पोछा। बस के अंदर डॉक्टर ने उनका प्राथमिक उपचार किया। घटना के बावजूद मुख्यमंत्री ने अपना टूर जारी रखा और चार घंटे तक प्रचार किया। वाईएसआरसीपी ने आरोप लगाया कि इसके पीछे तेदेपा (तेलुगु देशम पार्टी) का हाथ है।

स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटेगा बॉर्नविटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्पादों का वर्गीकरण तय करने का सरकार ने दिया आदेश

सरकार ने ई-कॉमर्स कंपनियों से पोर्टल से बॉर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटाने का निर्देश दिया है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने दिए परामर्श में कहा कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा (3) के तहत गठित वैधानिक निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत जांच के बाद निष्कर्ष निकाला कि एफएसएस अधिनियम 2006, एफएसएसएआई और मोंडेलेज इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत नियमों और विनियमों के तहत कोई स्वास्थ्यवर्द्धक पेय परिभाषित नहीं है। आदेश 10 अप्रैल को जारी हुआ है। इसमें कहा गया कि ई-कॉमर्स कंपनियों/पोर्टलों को सलाह दी जाती है कि वह अपने मंच/साइट से बोर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय की श्रेणी से हटा दें। खाद्य सुरक्षा मानक नियामक एफएसएसएआई ने दो अप्रैल को ई-कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों को वेबसाइट पर बेचे जा रहे उत्पादों का वर्गीकरण तय करने का निर्देश दिया था।

मानवाधिकारों का संदेशखालि में हुआ उल्लंघन : आयोग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प. बंगाल के संदेशखालि मामले की मौके पर पहुंचकर की गई जांच में अत्याचार की घटनाओं को चिह्नित किया और कहा कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम में की गई लापरवाही से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि प्रतिशोध के व्यापक भय के साथ ही ताकत दिखाने के खेल ने एक दुर्जेय बाधा के रूप में काम किया, जिससे लोगों ने शिकायतें दर्ज कराने से परहेज किया। एनएचआरसी ने कहा कि आयोग ने कई सिफारिशें की हैं और हर सिफारिश पर बंगाल सरकार से आठ सप्ताह में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

राहत — क्षुद्रग्रह एपोफिस वैज्ञानिकों की चिंता का सबसे बड़ा कारण था

टल गया पृथ्वी पर आने वाला अबतक का सबसे बड़ा खतरा

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : बहुचर्चित नही बल्कि कुख्यात भी साथ ही वैज्ञानिकों की चिंता का बड़ा कारण क्षुद्रग्रह एपोफिस के पृथ्वी से टकराने की संभावना नही रही। इस से वैज्ञानिकों ने राहत की सांस ली है और पृथ्वी के लिए अबतक का सबसे बड़ा खतरा भी टल गया है। यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी के एक बड़े हिस्से को तबाह करने की ताकत रखता है। हालिया गणना में यह जानकारी सामने आई है।

एपोफिस की खोज 2004 में हुई थी। हमारे आसमान में बेख़ौफ घूमती इस चट्टान का आकार करीब आधा किमी है। अगर यह पृथ्वी से टकरा जाए तो हजारों किमी हिस्से को तबाह कर सकती है। इसके पृथ्वी से टकराने की प्रबल संभावना के चलते खगोलविद्द बेहद चिंतित हो चले थे। जिस कारण नासा समेत रसिया व इसा स्पेस एजेंसी इसकी जांच पड़ताल के साथ ही लगातार निगरानी कर रहे थे। शुरुआती गणना में उसके अप्रैल 2013 में पृथ्वी से टकराने की संभावना जताई गई थी। जिसे लेकर वर्ष 2013 में धरती के तबाह होने की खबरों ने दुनियाभर के लोगों ने चिंता में डाल दिया था। मगर उसी दौरान एक और अध्ययन ने इसके 2013 के बजाय 2029 में टकराने की संभावना की घोषणा कर दी। इस गणना से निकट भविष्य का खतरा तो टल गया, लेकिन समस्या का सही निदान नही मिल पा रहा था। इसके बाद 2021 में पूनः एपोफिस की गणना की गई तो पता चला कि अब यह 2036 में पृथ्वी से टकराएगा। इस तरह से इस आकाशीय पिंड पर वैज्ञानिक पल पल नजर बनाए रहे और इस खतरे को दूर करने के उपाय भी तलाशते रहे। मगर अब जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक पृथ्वी को अगले सौ साल किसी भी आकाशीय पिंड यानी क्षुद्रग्रह से कोई खतरा नही है। इसकी ऑर्बिट की सटीक गणना को लेकर गोल्डस्टोन डीप स्पेस कम्युनिकेशंस कॉम्प्लेक्स व ग्रीन बैंक टेलीस्कोप का सहारा लिया गया , तब यह जानकारी सामने आई। एपोफ़िस पृथ्वी की तरह सूर्य की परिक्रमा करता है, जिसे एक चक्कर पूरा करने में 323.6 दिन लगते हैं, जबकि पृथ्वी को 365.3 दिन का समय लगता है।

2029 में देखा जा सकेगा कुख्यात एपोफिस को

नैनीताल। हाल के वर्षों की गणनाओं से पता चला है कि यह क्षुद्रग्रह 2029 और 2036 दोनों में पृथ्वी के पास से सुरक्षित रूप से गुजरेगा। 2029 में पृथ्वी की सतह से 19,662 मील की मामूली दूरी से गुजरगे। यह पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले कई उपग्रहों से अधिक निकट की दूरी है। तब इसे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र का सामना करेगा। तब संभव है कि एपोफिस पर भूकंप आए। इससे एपोफिस की कक्षा में भी थोड़ा बदलवा आएगा। इस दौरान इस पिंड को आसानी से देखा जा सकेगा।

336 वाहनों में रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, सभी में जीपीएस होगा

लोकसभा चुनाव : 16 से मंडी परिसर में एकत्र होंगे अधिग्रहित वाहन, 18 बसें रिजर्व रहेंगी, जिले में 19 अप्रैल को होगा मतदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में 939 वाहन लगाए जाएंगे। 336 वाहनों से विधानसभा वार पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। 18 बसें रिजर्व में रखी जाएगीं। इन सभी वाहनों को जीपीएस से लैस किया जाएगा। इसके लिए वाहनों को 16 अप्रैल से अधिग्रहीत किया जाएगा।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान सकुशल संपन्न हो इसको लेकर तेजी से तैयारियां चल रही हैं। मतदान को लेकर पोलिंग पार्टियों को बूथों तक ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। नोडल अधिकारी/ सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर व एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक, जोनल मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ता, स्टेटिक, सर्विलांस के लिए 280 हल्के वाहन लगाए गए हैं। इन सभी हल्के वाहनों को 15 अप्रैल को कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र किया जाएगा। पुलिस विभाग के प्रयोग के लिए 305 हल्के वाहन अधिग्रहित किए जा रहे हैं। इन सभी वाहनों को 15 अप्रैल को ही पुलिस लाइन में एकत्र किया जाएगा। इसके अलावा 354 वाहनों कों पोलिंग पार्टियों के आवागमन के लिए लगाया जाएगा। इसमें 283 बस और 35 मिनी बसें शामिल हैं। इसमें 19 बसें रिजर्व में रखी जाएगी।

यह सभी वाहन जीपीएस डिवाइस से लैस रहेंगे। जिन वाहनों में जीपीएस नहीं होगा। उनके वाहनों के चालकों के मोबाइल फोन पर जीपीएस एप अपलोड किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पोलिंग पार्टी के लिए 354 वाहनों की आवश्यकता होगी। इसमें 287 वाहन उनके पास मौजूद है। शेष 67 वाहनों को बरेली से मंगवाया जाएगा। पोलिंग पार्टियों से संबंधित वाहन 16 अप्रैल से मंडी परिसर में एकत्र किए जाएंगें। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस बार निर्वाचन आयोग की ओर से वाहनों के किराए में दस फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। अधिग्रहण आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वाहनों से संबंधित जानकारी देते सिटी मजिस्ट्रेट व एआरटीओ।

विधानसभा वार पोलिंग पार्टियों के वाहनों की स्थिति

पोलिंग पार्टी	बस	मिनी बस
सदर-127	65	23
बरखेड़ा-128	70	04
पूरनपुर-129	69	22
बीसलपुर-130	79	04

शारदा पार के लिए सात बसों में जाएंगी पोलिंग पार्टियां

इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र में सात मतदान केंद्र हैं। ट्रांस शारदा क्षेत्र में आवागमन के लिए शारदा नदी पर पेंटून पुल बना है। इन मतदान केंद्रों तक पोलिंग पार्टियों को पहुंचाने के लिए सात बसें लगाई जाएगीं। सभी बस चालकों को रूट चार्ट भी दिया जाएगा। दूरी अधिक होने के चलते इन बसों को 18 अप्रैल को सबसे पहले रवाना किया जाएगा।

सीडीओ ने ड्यूटी वितरण स्थल का लिया जायजा

- काउंटर व्यवस्था को लेकर तलाशा उपयुक्त स्थान
- 18 अप्रैल को मंडी परिसर से रवाना होगीं पोलिंग पार्टियां

पीलीभीत, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर मंडी परिसर से पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएगी। मतदान कर्मियों की ड्यूटी वितरण को लेकर मंडी में ही विधानसभावार काउंटर बनाए जाएंगे। कार्मिक प्रभारी/सीडीओ ने मंडी पहुंचकर चिन्हित स्थल का जायजा लिया।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर पहले चरण में होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेजी से चल रही हैं। 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर पोलिंग पार्टियां 18 अप्रैल को मंडी से रवाना की जाएगी। पोलिंग पार्टियों को रवानगी से पूर्व ड्यूटी वितरण किया जाएगा।

इसको लेकर विधानसभावार काउंटर कहां बनाए जाएंगे, मतदानकर्मियों को कोई असुविधा न हो आदि सभी बिंदुओं को लेकर कार्मिक प्रभारी/सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार दोपहर मंडी परिसर में पहुंचे और उपयुक्त स्थल की तलाश की। इस दौरान उन्होंने मंडी में मंदिर के सामने लगे शैड को देखा।

स्थल को उपयुक्त पाते हुए उन्होंने इसी स्थान पर विधानसभावार काउंटर बनाने की बात कही। कार्मिक प्रभारी ने बताया कि एक-एक काउंटर पर सौ मतदान कर्मियों को ड्यूटी वितरित की जाएगी। इस दौरान बीएसए अमित कुमार सिंह, डीआईओएस गिरजेश चौधरी मौजूद रहे।

कल बीसलपुर में जनसभा करेंगी मायावती

पीलीभीत, अमृत विचार: बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम ने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती 15 अप्रैल को अपने प्रत्याशी अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के समर्थन में बीसलपुर चीनी मिल के सामने स्थित मैदान पर चुनावी जनसभा करेंगी। वह हेलीकॉप्टर से आएंगी। इसे लेकर समस्त तैयारियां कर ली गई हैं। शनिवार को बसपा नेता इसकी तैयारी में जुटे रहे।

गेहूं खरीद न करने पर 11 केंद्र प्रभारियों का वेतन काटा गया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दो दिनों में 500-500 क्विंटल गेहूं खरीद करने के निर्देश
- सहायक प्रबंधक सहकारिता ने की कार्रवाई, दी चेतावनी

अमृत विचार: प्रमुख सचिव खाद्य के निर्देशों का असर दिखने लगा है। सहायक निबंधक सहकारिता ने गेहूं खरीद न करने वाले 11 केंद्र प्रभारियों का एक-एक दिन का वेतन काट लिया। इन सभी केंद्र प्रभारियों को दो दिन के भीतर 500-500 क्विंटल गेहूं खरीद करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनपद में 145 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं। जिले को 3.08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला है। जनपद से बाहर गेहूं ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शुक्रवार को प्रमुख सचिव खाद्य आलोक कुमार ने मंडी में क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया था। तब उन्होंने लापरवाही बरतने वाले केंद्र प्रभारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। गेहूं खरीद की प्रतिदिन समीक्षा हो रही है। क्रय एजेंसियां रोज रिपोर्ट भेजी रही हैं। 12 अप्रैल को प्रेषित की गई रिपोर्ट की समीक्षा में पीसीयू के 11 एवं पीसीएफ के एक क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद की स्थिति बेहद खराब पाई गई। इस पर सहायक निबंधक सहकारिता प्रदीप कुमार ने केंद्र प्रभारी कालीदास, भरत गंगवार, जोगराज, रजनीश, सुरेंद्र, अशोक कुमार, चरनजीत, रजनीश द्वितीय, ऋषिकांत, अभिनव और अनुज कुमार का एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। निर्धारित अवधि में गेहूं खरीद न करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

तीसरे दिन छह मतदान कर्मी रहे गैरहाजिर

पीलीभीत। शनिवार को छह मतदान कर्मी प्रशिक्षण से गैरहाजिर रहे। लोकसभा के लिए शहर के बेनहर पब्लिक स्कूल में पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शनिवार को दो शिफ्टों में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक शिफ्ट में 208 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान छह मतदान कर्मी गैरहाजिर रहे। कार्मिक प्रभारी व सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार को बरखेड़ा ब्लॉक के सहायक अध्यापक सोनिल कुमार, इसी ब्लॉक के सहायक अध्यापक अक्षत चित्रांश, मरौरी ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत के आधीन रमेश चंद्र, पूरनपुर के सहायक विकास अधिकारी पंचायत के अधीन रमन, जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय के मोहम्मद ताजुद्दीन, राजकीय इंटर कॉलेज गभिया सहराई के शिक्षक मन बहादुर अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कर्मियों को प्रशिक्षण में भेजने अथवा की स्थिति में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

सार-संक्षेप

मोदी की हर गारंटी पर विश्वास करते हैं मतदाता

पीलीभीत। भाजपा प्रत्याशी एवं कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने शनिवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के अमरिया ब्लॉक में साहू- राठौर समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने देश के विकास को अनवरत जारी रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को और अधिक मजबूत करने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि इस बार हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। मुझे मालूम की मतदाता मोदी की हर गारंटी पर विश्वास करते हैं, इसलिए यह लक्ष्य निश्चित ही पूरा होगा। उन्होंने कहा कि पीलीभीत मेरा घर है यहां के लोग सदैव से हमें स्नेह देते रहे। आज जब मोदी ने अपने दूत के रूप में आपकी सेवा का जो अवसर प्रदान करने की दिशा में निर्णय लिया है, मुझे पूरा विश्वास की इस निर्णय को स्वीकार करेंगे। इस मौके पर शिवमंगल राठौर, मानसिंह राठौर, ख़ूबकरन राठौर, डॉ लाखनसिंह राठौर, अजय राठौर, देशपाल राठौर, संतोष राठौर आदि मौजूद रहे।

सभी मजिस्ट्रेट चुनाव आयोग के नियमों का पालन करें

पीलीभीत। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में पीलीभीत एवं बीसलपुर विधानसभा के जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट ने पोलिंग बूथों के निरीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को आयोग के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। गांधी सभागार में शनिवार शाम जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने विधानसभा पीलीभीत और बीसलपुर के सेक्टर मजिस्ट्रेटों से बूथ निरीक्षण की बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने एएमएफ (निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता) सुविधाओं, बूथ तक आवागमन की स्थिति, वोटर पर्ची एवं वोटर गाइड वितरण की स्थिति के अलावा बूथ के आसपास क्षेत्र में किसी प्रकार के निर्माण कार्य होने के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कुछ सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बूथों से संबंधित कुछ समस्याओं से अवगत कराया। इस पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया ने तत्काल संबंधित सहायक रिटर्निंग आफीसर को मतदान तिथि से पूर्व समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। बताया कि किसी भी बूथ पर सीसीटीवी कैमरा किसी भी दशा में नहीं लगा होना चाहिए। बैठक में ईवीएम की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए गए। कहा गया कि ईवीएम की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

डीएम-एसपी ने अमरिया में बूथों का लिया जायजा

पीलीभीत। डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अविनाश पांडेय ने शनिवार को अमरिया तहसील क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय सिरसी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय परेवा वैश्य, राजकीय इंटर कॉलेज अमरिया, जूनियर हाईस्कूल मुडलिया गौसू, कंपोजिट विद्यालय कैंचूटांडा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हर्रायपुर के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फर्नीचर, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था समेत रैंप आदि सुविधाओं का जायजा लिया। बूथों पर मतदाताओं की संख्या के बारे में भी जानकारी की।



The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

षष्ठम कात्यायनी

कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

आप सभी जनपदवासियों को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
संस्थान का कोड 2493 N.C.V.T.
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एवं D.G.E.T. द्वारा मान्यता प्राप्त
भारत सरकार द्वारा स्ट्राइव योजना में चयनित
बरेली मंडल में एकमात्र निजी आईटीआई
बाला जी आई.टी.आई.
टनकपुर रोड, सैदपुर, पीलीभीत

दीपक सक्सेना (प्रबंधक)
विकास सक्सेना (प्रधानाचार्य)
मो. 9997018672, 9457893850

लापता छात्रा का शव तालाब में मिला, हत्या की आशंका

11 अप्रैल की रात रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी, परिजनों के तलाशने पर नहीं लगा कोई सुराग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: दो दिन पहले रहस्यमय ढंग से लापता हुई इंटरमीडिएट की छात्रा का शव शनिवार को गौहनिया चौराहा के पास तालाब में पानी पर उतराता मिला। इसकी सूचना मिलने पर दो थानों की पुलिस मौके पर जा पहुंची। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका की जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मूलरूप से न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम दियूनी के रहने वाले श्रीकृष्ण एलआईसी एजेंट हैं। वह करीब पिछले करीब आठ सालों से परिवार समेत शहर की मैत्रीबाग कॉलोनी में रह रहे हैं। उनकी पुत्री पूनम देवी (19) ने इस बार इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। परिजन के अनुसार 11 अप्रैल को पूनम की तबीयत खराब हो गई थी। देर रात तक परिवार वाले उसकी देखरेख करते रहे थे। रात में करीब एक बजे सभी सोने चले गए। करीब दो घंटे बाद रात में तीन बजे परिवार वाले जागे तो पूनम बिस्तर से गायब थी। परिजनों ने घर में इधर-उधर देखा, लेकिन बह नहीं मिली। इसके बाद पूनम की तलाश शुरू कर दी गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने अगले दिन सुनगढ़ी थाने जाकर तहरीर दे दी, जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। शनिवार सुबह गौहनिया चौराहा के पास स्थित तालाब में युवती का शव पानी पर उतराता राहगीरों ने देखा। तालाब में शव होने की चर्चा फैली तो कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाल नरेश त्यागी, सुनगढ़ी इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। इसके बाद शव बाहर निकाला गया। इसका पता लगने पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त पूनम के रूप में की। परिवार वालों ने पूनम की हत्या की आशंका जताई और सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की।

छात्रा का शव मिलने के बाद तालाब किनारे मौजूद लोगों से पूछताछ करते पुलिस कर्मी।

मृतका पूनम।

- **मूलरूप से न्यूरिया क्षेत्र की रहने वाली थी छात्रा, आठ साल से शहर में रह रहा परिवार**

एक युवती का शव तालाब में पानी पर उतराता मिला है। उसके लापता होने पर परिवार ने एक दिन पहले ही गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले की छानबीन चल रही है।
-दीपक चतुर्वेदी, सीओ सिटी

पिता बोले- कोई मोबाइल नंबर बदल बदलकर देता था धमकी

दो भाइयों के बीच पूनम अकेली बहन थी। परिजनों का कहना है कि पूनम मोबाइल नहीं रखती थी। मगर पिता के नंबर पर अलग-अलग नंबरों से एक माह से धमकी भरी कॉल आ रही थीं। कॉल करने वाला युवक पूनम के बारे में बात करता था। इसी को देखते हुए हत्या की आशंका जताई। परिजनों ने बताया कि 11 अप्रैल की रात पूनम के लापता होने के दूसरे दिन 12 अप्रैल को उसकी तलाश की गई। इस दौरान माधोटांडा रोड पर कुछ प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की गई तो उसमें पूनम तालाब की तरफ जाती हुई दिखी। परिजन से मिली जानकारी के बाद पुलिस सीसी टीवी कैमरों के फुटेज चेक करने में जुटी है। दिए गए नंबरों की भी डिटेल निकलवाई जा रही है।

परिवार में कलह के चलते युवक ने जहर खाकर दी जान

पीलीभीत। पारिवारिक कलह से तंग आकर एक युवक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई कराए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मामला पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। परिवार की ओर से मौत को लेकर चुप्पी साध ली गई। पुलिस को भी कोई सूचना नहीं दी गई थी। मगर चर्चा रही कि युवक का कुछ दिन से पत्नी से विवाद चल रहा था। इसे लेकर बीते दिनों पत्नी ने पुलिस से शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने युवक का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया था। बताते हैं कि इसके बाद पारिवारिक विवाद चलता रहा। इससे युवक ने शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। शनिवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पड़ोसी ने मां-बेटी को पीटा, रिपोर्ट

बीसलपुर, अमृत विचार: मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी दीया पुत्री राहुल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पड़ोसी पिंकू, उसकी पत्नी विनीता, हिमांशु, विराट, प्रिंस, रौनक शुक्रवार को उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर मारपीट की। उसके शोर मचाने पर मां दीपा देवी बचाने आईं तो उन्हें भी पीटा। आसपास के लोगों के जमा होने पर धमकी देकर भाग गए। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पुरानी रंजिश में महिला से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

बीसलपुर। मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली निवासी सतेंद्र पुत्र धर्मपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे वह बाजार गए थे। पड़ोसी मंजू देवी पत्नी रामप्रकाश ने घर में घुसकर कौशल्या देवी की पिटाई कर दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

कपड़ा व्यापारी ने महिला से की छेड़छाड़, एफआईआर दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : एक कपड़ा व्यापारी पर महिला ग्राहक से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। पुलिस नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस को दी तहरीर में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि कस्बा गजरौला में पूरनपुर के रहने वाले सफीतुल्ला अंसारी की कपड़े की दुकान है। शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे वह पहले बैंक गई। इसके बाद आरोपी की दुकान पर कपड़े खरीदने पहुंची। आरोप है कि कपड़ा व्यापारी ने पीड़िता पर पहले अश्लील फब्तियां कसी। इसके बाद पीड़िता को पकड़कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने धमकाया। फिर महिला ने शोर मचाकर लोगों को जमा किया और बचकर निकली। आरोपी भीड़ बढ़ता देख भाग गया। दरोगा कमलेश यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर रहे हैं।

युवक की लाश रेलवे क्रासिंग के पास मिली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **शनिवार को दिन में 11 बजे घर से निकला था रामसेवक फिर नहीं लौटा**

अमृत विचार: संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। उसका शव बिलगवां रेलवे क्रासिंग के पास पड़ा मिला।

कोतवाली क्षेत्र के साईं धाम कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका 30 वर्षीय पुत्र रामसेवक शनिवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे घर से निकला था, जिसके बाद नहीं लौटा। परिजन कहीं घूमने जाने की बात सोचकर निश्चित थे। उधर, शाम करीब चार बजे बिलगवां रोड पर दो किमी दूर रेलवे क्रासिंग के पास खाली जगह में एक युवक का शव पड़ा लोगों ने देखा। पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिए स्थानीय लोगों और कुछ सभासदों को बुलाया। इसके बाद वार्ड नंबर पांच के सभासद शिवम ने शव रामसवेक का होने की आशंका जताई। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले आ गए और शव की पहचान अपने बेटे रामसेवक के रूप में की। परिजन का कहना था कि सुबह जब रामसेवक घर से निकला था तो एक टी शर्ट पहने था। मगर शव तीन टी-शर्ट पहने मिला। दोनों आंखों से मामूली खून निकल रहा था, जबकि पेट पर जले का निशान था।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024

अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र (EPIC) नहीं है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक अपने साथ लेकर पोलिंग बूथ जाएं और अपनी पहचान स्थापित करें

01 आधार कार्ड
02 मनरेगा जॉब कार्ड
03 बैंक/डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक
04 स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी)
05 ड्राइविंग लाइसेंस
06 पैन कार्ड
07 स्मार्ट कार्ड (एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी)
08 भारतीय पासपोर्ट
09 पेंशन दस्तावेज़ (फोटोग्राफ सहित)
10 फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी)
11 आधिकारिक पहचान पत्र (सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए)
12 विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड)

मतदाता सूची में अपना नाम चेक करें और बनें जागरूक मतदाता

मतदान कार्यक्रम	मतदान की तारीख
प्रथम चरण	19 अप्रैल, 2024
द्वितीय चरण	26 अप्रैल, 2024
तृतीय चरण	7 मई, 2024
चतुर्थ चरण	13 मई, 2024
पंचम चरण	20 मई, 2024
षष्ठम चरण	25 मई, 2024
सप्तम चरण	1 जून, 2024

वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम
NOTHING LIKE VOTING, I VOTE FOR SURE
#एक वोट देश के लिए
मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in तथा https://voterportal.eci.gov.in अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट https://ceouttarpradesh.nic.in पर अपने Mobile No. द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।
QR CODE FOR CEO WEBSITE
QR CODE FOR VOTER HELPLINE APP
अपने क्षेत्र में मतदान की तिथि जानने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें
voiceofvotersup | @ceoup | ceo_up | @ceoup | हेल्पलाइन : 1950/1800 180 1950
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस.
(आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग
पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
- कान का बहना, कम सुनाई देना - चक्कर आना - सिर में दर्द - नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना - नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना - सोते समय खर्राटे आना - आवाज का बैठ जाना - मुंह न खुलना - चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना - खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले - गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
- कान के पर्दे में छेद - नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी - गले में टांसिल - मुँह में कैंसर - गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ - लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन - नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी - गले में मांस के कारण बैठी आवाज - आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टॉका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
- दाँतों का डिजिटल X-Ray - दाँतों की नस का इलाज (RCT) - अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) - दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना - फिक्स दाँत (Bridges) - बत्तीसी बनाना (Complete Denture) - बिना दर्द के दाँत निकालना - लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) - हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) - टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) - बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- नाक, कान, गला रोग - दन्त रोग - हड्डी व जोड़ रोग - चर्म रोग - जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

धूमधाम से मनाई बैसाखी, सहज पाठ का समापन

बच्चों ने भी किया शबद कीर्तन, गुरुद्वारों में दीवान सजा, गुरु की महिमा का बखान किया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: जिले में शनिवार को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के छेवी पातशाही समेत विभिन्न गुरुद्वारों में दीवान सजाया गया। पाठ का समापन हुआ। रागी जत्थों ने गुरु की महिमा का बखान किया। बच्चों ने भी शबद कीर्तन किया।

खालसा पंथ साजना पर्व बैसाखी के उपलक्ष्य में शहर के एकता नगर कॉलोनी स्थित गुरु तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारा में सात अप्रैल से चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब के सहज पाठ का शनिवार को समापन हुआ। इस दौरान भोग पड़ा गया। गुरुद्वारा में भव्य दीवान सजाया गया, जिसमें संगत ने पहुंचकर माथा टेका। महान गुरमत समागम कीर्तन दरबार भी सजाया गया। हेड ग्रंथि जसवीर सिंह ने कहा कि मानवता के अलावा गुरु गोविंद सिंह ने सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए भी काम किया। ऊंच-नीच, जात-पात का भेदभाव मिटाने के लिए हर धर्म मजहब को एक बराबर का सम्मान दिया है। संगत उनके ही विचार पर चलने का संकल्प लेती है। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर भी चला।


बैसाखी पर्व पर सहज पाठ के समापन के दौरान मौजूद संगत।

शबद कीर्तन में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

स्प्रिंगडेल स्कूल में बच्चों ने बैसाखी पर्व मनाया

पीलीभीत। बल्लभनगर कॉलोनी स्थित स्प्रिंगडेल स्कूल में बैसाखी कार्यक्रम आयोजित हुआ। निदेशिका चारू धवन ने बैसाखी का महत्व बताया। कहा कि बैसाखी पंजाब और हरियाणा आदि स्थानों पर भव्य तरीक से मनाई जाती है। फैंसी ड्रेस में पीएनसी से त्रीशिव, शनाया, आरोही, क्रिश, जूनियर केजी से अर्थिका, लोविका, दिशा, पार्थ, अक्षिता, दक्ष, अभिषेक, सीनियर केजी से काशवी, भूमी, आयुषि, दक्ष, अनुष्का, तुस्ती, रमनदीप, कक्षा एक से जसराज, स्वराज, साक्ष्य, मन्नत, कक्षा दो से दर्श, अर्मिता, जिज्ञासा, दृश्य आदि ने प्रतिभाग किया। गिद्धा और भांगड़ा डांस भी किया गया।

नगर कीर्तन में शामिल जत्थेदारों ने दिखाए करतब

बिलसंडा। बैसाखी पर्व सिख समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। शाहजहांपुर क्षेत्र से विशाल नगर कीर्तन कस्बे में पहुंचा। जिसका जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के आगे पंच प्यारे चल रहे थे। संगत ने गुरु की पालकी को मत्था टेका। गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। हर साल की तरह इस बार भी शाहजहांपुर जिले के गांव मकसूदापुर से विशाल नगर कीर्तन निकाला गया, जो शनिवार शाम को बिलसंडा पहुंचा। फूलों से सजी गुरुग्रन्थ साहिब की पालकी के आगे पंच प्यारे चल रहे थे। संगत ने पालकी साहिब को मत्था टेककर भव्य स्वागत किया। पालकी के पीछे कार, मोटरसाइकिल व ट्रैक्टरों में संवार हजारों की संगत सतनाम वाहेगुरु का जाप करती हुई चल रही थी। इस दैरान पंजाब से आये गतका पार्टी के जत्थेदार मास्टर गुरवेल सिंह की टीम ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। पुलिस बल सुरक्षा बंदोबस्त में लगा रहा। जत्थेदार बाबा रघुवीर सिंह ने पंचप्यारे को सरोपा भेंट कर स्वागत किया। हेड ग्रंथी गुरनाम सिंह, परमजीत सिंह, बलजिंदर सिंह खालसा, संजीव कुमार, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, मनदीप सिंह ,बघेल सिंह, कुलविंदर सिंह , लखविंदर सिंह, हरजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, बलकार सिंह , गुरुदेव सिंह, हरनेक सिंह, गुलाब सिंह, चरन सिंह, हरप्रीत सिंह, रघुवीर सिंह, बलविंदर सिंह, सुहेल सिंह, गुरनाम सिंह, गुरप्रीत सिंह गोपी, सतनाम सिंह, दिलबाग सिंह गुलजार सिंह आदि मौजूद रहे।

बिलसंडा में नगर कीर्तन के दौरान करतब दिखाते गतका पार्टी के जत्थेदार।

इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक प्रधान अमरीक सिंह, डॉ. जगबिंद्र सिंह रपियाल, दलबीर सिंह सलूजा, सतनाम सिंह छाबरा, प्रितपाल सिंह टुटेजा, अमरपाल सिंह, जसविंद्र सिंह तलवार, सभासद अवतार सिंह मोनू आदि मौजूद रहे।

देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़, अब तेजी पकड़ेगा मेला

पीलीभीत। मां भगवती के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की शनिवार को पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा। श्रद्धालुओं ने माता की उपासना कर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। माता के जयकारों से मंदिर गूंज उठे। वहीं, अब मेला भी जोर पकड़ने लगा है।

नवरात्र के पांचवे दिन सुबह से ही मंदिरों में भक्त पहुंचने शुरू हो गए। पंचमी के उपलक्ष्य में लगने वाले मेले में शुक्रवार देर रात से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरु हो गया था। जिसके चलते शनिवार को मां यशवंतरी देवी मंदिर में खासी भीड़ रही। देर शाम तक भजन संध्या चली। इसी तरह अन्य देवी मंदिरों में भी भक्त पहुंचे। महिलाएं भजन कीर्तन करती नजर आईं। झंडी चढ़ाने वालों का सिलसिला भी जारी रहा। मंदिर प्रांगण में घंटे घड़ियाल गूंजते रहे। यशवंतरी देवी मंदिर के महंत राजेश वाजपेयी ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। सुबह और शाम के वक्त अधिक भीड़ रहती है। अब बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है। उधर, सुबह छह बजे से गोदावरी स्टेट कॉलोनी में बने मां दुर्गा मंदिर, निरंजन कुंज कॉलोनी स्थित माता महा मातेश्वरी देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया और प्रसाद का भोग लगाकर मनौती मांगी। श्रद्धालुओं ने धूप-दीप जलाकर सुख समृद्धि की कामना की।

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582
डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षणः- घबराहट - छाती में दर्द या भारीपन - सांस फूलना - पैरों में सूजन - हाई ब्लडप्रेशर - हाई कोलेस्ट्रोल - डाइबिटीज (शुगर) - सीने या पेट में जलन या दर्द - हार्ट अटैक - हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448
डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518
डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

छात्रा जूही ने स्कंदमाता का आकर्षक चित्र बनाया

पीलीभीत। समाधान विकास समिति के तत्वाधान में नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षिका यामिनी मिश्रा ने बताया कि एक पौराणिक कथा के अनुसार तारकासुर नामक राक्षस का वध करने के लिए माता पार्वती ने अपने पुत्र स्कंद को युद्ध के लिए प्रशिक्षित करने के लिए स्कंद माता का रूप लिया था। बताया कि तारकासुर का अंत केवल भगवान शिव के पुत्र के हाथों हो सकता था| स्कंद माता से युद्ध प्रशिक्षण लेने के बाद भगवान कार्तिकेय ने तारकासुर का वध किया। समिति की अध्यक्षा उर्मिला देवी ने बताया कि देवी शेर को अपने काबू में रखती हैं। इस अवसर पर छात्रा जूही ने स्कंद माता का आकर्षक चित्र बनाया।

नई मशीनों से राशन वितरण में अब भी दिक्कत

बीसलपुर,अमृत विचार: नई मशीनों से राशन वितरण में अब भी दिक्कत आ रही है। शासन के निर्देश पर 15 मार्च से नई मशीन से राशन वितरण शुरू किया गया है। अप्रैल माह का राशन शनिवार से बंटना शुरू हुआ। पहले दिन अधिकांश दुकानों पर राशन वितरण स्लो सर्वर के कारण प्रभावित रहा। ई- वेइंग मशीन में सर्वर डाउन रहने, अंगूठा लगाने में परेशानी और ओटीपी नहीं जाने समेत कई तरह की समस्याएं सामने आईं। इससे उपभोक्ता और कोटेदार दोनों परेशान रहे। पूर्ति निरीक्षक रजनीश शुक्ल ने बताया कि सरवर की समस्या है। इससे वितरण पर कुछ असर पड़ रहा है। हालांकि उचित दर विक्रेताओं द्वारा कार्ड धारकों को नई राशन मशीन से राशन वितरण किया जा रहा है।

सार-संक्षेप

पंजाबी वेशभूषा में स्कूल पहुंचे बच्चे, बैसाखी मनाई

पीलीभीत। बेनहर गुरुकुल में शनिवार को बैसाखी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर को सजाया गया और विद्यार्थी पंजाबी वेशभूषा से सुशोभित होकर आए। पंजाबी ढोल की धुन पर बच्चों ने भांगड़ा, गिद्धा नृत्य की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। ढोल,फिरकी,भुट्टा आदि के चित्रों को अपनी स्क्रैपबुक में सजाया। प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर ने कहा कि बैसाखी फसल पकने और सिख धर्म की स्थापना के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 13 अप्रैल को मनाया जाता है। त्योहार के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी बच्चों ने प्राप्त की। मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी ने बच्चों को बैसाखी पर्व की बधाई दी। इस मौके पर कमलजीत कौर, शुचि बंसल, अनन्या तिवारी, सलोनी जायसवाल, छाया सोहल, खदीजा नासिर, उमरा रहमान, पिंकी दीक्षित आदि मौजूद रहे।

ग्रैंड पैरेंट्स डे कार्यक्रम में बच्चों ने की मौज मस्ती

पीलीभीत। लिटिल एंजेल्स स्कूल में शनिवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. एसके अग्रवाल, प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्ज्वल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, उपप्रधानाचार्य अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की। दादा-दादी व नाना-नानी के लिए कक्षा एक व दो के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। खेल व प्रतियोगिताओं में विज्ञापन की टैगलाइन से विज्ञापन को पहचानना, चौपाई की पंक्तियों को पूरा करना, धार्मिक व पौराणिक कथाओं से जुड़े प्रश्न उत्तर, कला प्रतियोगिता व हाउजी आदि रहे। संगीत सुनकर गाना पहचानने के राउंड का सभी ने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम का संचालन मीना रानी ने किया।

यूपीया के सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे डा. सुधीर शर्मा

पूरनपुर। गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड आर्थिक संघ यूपीया के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में प्रतिभाग करेंगे। इस सेमिनार में डॉक्टर सुधीर शर्मा को गेस्ट ऑफ ऑनर एवं रिसोर्स पर्सन के सम्मान में नवाजा जाएगा। डॉ. शर्मा कार्यक्रम शोध पत्र भी प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि सेमिनार का विषय समानता के साथ विकास को कायम रखना है। इसमें क्षेत्रीय विकास, व्यापार और 21वीं सदी में सामाजिक सुरक्षा पर विचार रखे जायेंगे। वह वर्तमान में किए जाने वाले परिवर्तन और उनसे होने वाले लाभ पर अपने विचार रखेंगे।

अचानक आग लगने से चार बीघा गेहूं की फसल जली

बिठौराकलां। अचानक आग लगने से चार बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम तकिया निवासी अजय प्रकाश पुत्र कड़ेराम खेती करते हैं। गांव के बाहर की तरफ उनका खेत हैं। जिसमें वर्तमान में गेहूं की फसल है। शुक्रवार सुबह उनके खेत पर खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में भीषण रूप ले लिया। आग की लपटें और धुआं उठता देख ग्रामीण जमा हो गए। ट्रैक्टरों से जुताई कर आग पर बमुश्किल काबू किया जा सका। खेत मालिक ने बताया कि हादसे में करीब चार बीघा गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है।

कोलकाता से आई मेडिकल वैन, निशुल्क दवाएं बांटीं

पूरनपुर। रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन की ओर से शनिवार को श्री रामलीला मैदान में एक निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया गया। इसमें मरीजों का निशुल्क चेकअप किया गया और दवाएं बांटी गईं। रोटरी इंटरनेशनल 3110 के जोन कोऑर्डिनेटर डा .डीके गुप्ता ने फीता काटकर शिविर की शुरुआत की। मेडिकल वैन कोलकाता से आई थी। आंख के मरीजों के लिए चश्मा और जोड़ों के दर्द वालों का फ्री एक्स-रे किया गया। डॉ दिनेश गुप्ता ने बताया कि यह शिविर संस्था के दिवंगत डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विवेक गर्ग की याद में लगाया गया। कैंप में मुख्य रूप से अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, सचिव प्रशांत गुप्ता, राजेश रस्तोगी, राजेश खन्ना, नीरज गुप्ता, संजीव गुप्ता, दीपक अग्रवाल और संदीप खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

अब पीटीआर में 30 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डिप्टी डायरेक्टर ने जारी किया निर्देश, जंगल से गुजरने वाले मार्गों पर बढ़ाई गई सुरक्षा

अमृत विचार: वन्यजीवों को दुर्घटना का शिकार होने से बचाने के लिए पीटीआर प्रशासन ने जंगल मार्गों से गुजरने वाले वाहनों की गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा निर्धारित की है। इसके अनुपालन में महोफ रेंजर ने टीम के साथ जाकर वाहन चालकों को वन्यजीव अधिनियम का पाठ पढ़ाने के साथ सीमित रफ्तार में वाहन चालने के लिए जागरूक किया।

